उत्तर पश्चिम रेलवे

रेलवे भर्ती कक्ष,

भवन नं. 4, द्वितीय तल,
केन्द्रीय रेलवे चिकित्सालय के सामने,
रेलवे स्टेशन द्वितीय प्रवेश द्वार के पास,
जयपुर– 302006
वेबसाईट rrcjaipur.in

महत्वपूर्ण सूचना

विषयः– केन्द्रीयकृत रोजगार सूचना आरआरसी 01/2019 के तहत लेवल–1 के पदों पर भर्ती।
सन्दर्भः– रेलवे बोर्ड का पत्र संख्या E(NG)/II/2023/RR-1/63 दिनांक 20.03.2026

केन्द्रीयकृत रोजगार सूचना सं. आरआरसी 01/2019 के तहत लेवल–1 के पदों पर भर्ती हेतु विभिन्न चरणों में किये गये दस्तावेज सत्यापन के उपरान्त दिव्यांग VI अभ्यार्थियों को चिकित्सा जांच हेतु रेलवे चिकित्सालय भेजा गया था। दस्तावेज सत्यापन एवं चिकित्सा जांच परीक्षा में सफल पाए गए अभ्यार्थियों को मेरिट आधार पर ऑनलाईन आवेदन पत्र में दी गई पद की प्राथमिकता को ध्यान में रखते हुए दिव्यांगता श्रेणी VI अधिसूचित Blind के लिए उपलब्ध रिक्तियों के विरूद्व पैनल पर रखा गया। कुछ अभ्यार्थी जिन्होंने दिव्यांगता श्रेणी VI-Blind में आवेदन किया एवं Blind में फिट थे तथा मेधा सूची एवं उनकी दिव्यांगता की सब श्रेणी के अनुसार उनके लिए सुटेबल पद उपलब्ध नहीं होने पर अभी तक पैनल पर नहीं रखा जा सका था।

दिव्यांगता श्रेणी VI-Blind के पद पर प्रोविजनल पैनल पर रखे गए अभ्यार्थियों द्वारा आवंटित मंडल/यूनिट पर कार्यग्रहण नहीं करने, कार्यग्रहण करने के पश्चात् सेवा से त्यागपत्र आदि कारणों से हुई रिक्तियों को उपरोक्त पैरा में वर्णित दिव्यांगता श्रेणी VI अभ्यार्थियों में से मेरिट के आधार पर भरने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। इसी क्रम में निम्नलिखित रोल न ंके VI-Blind अभ्यार्थियों को पुनः चिकित्सा जांच परीक्षा हेतु (रेलवे चिकित्सालय में चिकित्सा जांच करवाए हुए 06 माह से अधिक हो जाने के कारण) बुलाया जा रहा है, ताकि पात्रता की सभी शर्तो को पूर्ण करने के उपरान्त उसे प्रोविजनल पैनल पर रखने हेतु अग्रिम कार्यवाही की जा सकें।

Roll No.
124194120010346

अतः उक्त सारणी में दिये गये रोल नम्बर के अभ्यार्थी पुनः चिकित्सा जांच करवाने हेतु दिनांक 17.04.2026 को प्रातः 10.00 बजे अपने मूल दस्तावेजों एवं 06 फोटोग्राफ के साथ निम्न स्थान पर उपस्थित होवें।

स्थानः– रेलवे भर्ती कक्ष,
भवन नं. 4, द्वितीय तल,
केन्द्रीय रेलवे चिकित्सालय के सामने,
रेलवे स्टेशन द्वितीय प्रवेश द्वार के पास,
जयपुर

पुनः चिकित्सा जांच परीक्षा हेतु निर्धारित तिथि पर उपस्थित नहीं होने पर अभ्यार्थी की पात्रता निरस्त कर दी जाएगी।

उपरोक्त परिणाम को तैयार करने में पूर्ण सावधानी बरती गई है, किंतु अनजानी भूल की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर इसे सुधारने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

-S/d-
अध्यक्ष
रेलवे भर्ती कक्ष

दिंनाकः– 16.04.2026

सावधान : उम्मीदवारों को यह सलाह दी जाती है कि वो ऐसे असंवैधानिक तत्वों के चक्कर में ना पड़ें जो लिखित परीक्षा परिणाम के आधार पर पैसे लेकर नौकरी दिलाने का झूठा वादा करते है। भर्ती पूर्णतः योग्यता के आधार पर की जाती है तथा केवल योग्य एवं वास्तविक उम्मीदवारों को ही पैनल में शामिल किया जाता है।